20/01/2026

आकाशवाणी ईटानगर

नितिन नवीन को बीजेपी पार्टी का नया अध्यक्ष चुना गया है। पार्टी के नेशनल रिटर्निंग ऑफिसर, डॉ. के. लक्ष्मण ने आज नई दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में श्री नवीन को पार्टी का नया अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की। पैतालीस वर्ष की उम्र में, श्री नवीन पार्टी के इतिहास में सबसे कम उम्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए हैं और बिहार से इस पद पर नियुक्त होने वाले पहले बीजेपी नेता हैं। इस अवसर पर नितिन नवीन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्रियों अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे.पी. नड्डा एवं नितिन गडकरी ने बधाई दी। प्रधानमंत्री ने भरोसा जताया कि श्री नवीन बीजेपी की विरासत को आगे बढ़ाएंगे।

00000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने ईटानगर के लोक भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में तेइसवां भारत स्काउट्स एंड गाइड्स राज्य पुरस्कार प्रदान किया। इस साल इक्सठ गाइड्स सहित एक सौ चौदह स्काउट्स और गाइड्स ने इस प्रतिष्ठित राज्य-स्तरीय पुरस्कार के लिए क्वालिफाई किया। अरुणाचल प्रदेश के युवाओं पर विश्वास जताते हुए कि वे विकसित भारत के सामूहिक विजन में पूरा योगदान देंगे, जो केवल विकसित युवाओं के माध्यम से ही साकार हो सकता है। राज्यपाल ने युवाओं को जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी, करुणा, सम्मान और जिम्मेदारी के मूल्यों को बनाए रखने की भी आहवान किया।

0000000000000000000000000

वेस्ट कामेंग ज़िले की चुग वैली में तीन वयस्क सहित चार ब्लैक नेक्ड क्रेन देखी गई है। सीनियर वेटरनरी ऑफिसर डॉ. दार्गे ने कहा कि यह पहली बार है जब यहां चार ऐसे क्रेन देखी गई हैं। पहले इस इलाके में सिर्फ़ एक जोड़ा, या कभी-कभी तीन क्रेन ही देखी जाती थीं। दिरांग के रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर लोबसांग सुनिक्जी, क्रेन की सुरक्षा के लिए उन पर कड़ी नज़र रखे हुए हैं, ताकि इस दौरान उन्हें आवारा कुत्तों या इंसानों की दखलअंदाज़ी से बचाए रखने के साथ ही पक्षियों की सुरक्षा के लिए गांव के मुखिया एवं स्थानीय लोगों के साथ तालमेल बिठाया जा सके।

0000000000000000000000000

नाहरलागुन में प्रशासनिक सुधार आयोग के कार्यालय में अध्यक्ष प्रमोद जैन ने, सदस्य हेंतो कार्गा के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसके तहत अरुणाचल इंडिजिनस ट्राइब्स फोरम और अलग-अलग बड़े समुदाय आधारित संगठनों के नेताओं के साथ एक उचस्तरिय रणनीतिक बातचीत की गई। बैठक का उद्देश्य सामाजिक विश्वास को बनाए रखते हुए आयोग को शासन के एक ज़रूरी हिस्से के तौर पर फिर से स्थापित करना था, जो स्थानीय आबादी के प्रति पारदर्शिता और सहानुभूति के साथ काम करे।

0000000000000000000000000

चांगलांग जिले के मियाओ स्थित नामफाई, में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना पर एक जागरूकता कार्यशाला-सह-मोबिलाइजेशन ड्राइव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग ने जिला स्किल कमेटी, चांगलांग के सहयोग से आयोजित किया। कार्यशाला में ITI बालीनोंग के ट्रेनी और जिले के बड़ी संख्या में बेरोजगार युवाओं ने हिस्सा लिया। अधिकारियों ने बताया कि विभाग की व्यापक आउटरीच पहल के तहत अन्य जिलों में भी इसी तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

000000000000000000000000

दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन और कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन - अमृत मित्र मिशन के तहत, स्वसहायता समुह - SHG को एक साल के लिए हर महीने छः हज़ार दो सौ रुपये प्रदान किए जाएंगे। इस पहल के तहत, SHG सदस्य शहरी इलाकों में AMRUT योजना के तहत कम्युनिटी वॉटर टेस्टिंग, कम्युनिटी कोऑर्डिनेशन और पब्लिक पार्कों की साफ-सफाई बनाए रखने के लिए ज़िम्मेदार होंगे। SHG को ज़रूरी कौशल सिखाने के लिए एक दिन का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। अलग-अलग ज़िलों के 50 SHG के कुल अस्सी सदस्यों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जिसका आयोजन ईटानगर के सेंकी व्यू में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में किया गया।

000000000000000000000000

पर्यावरण की ज़िम्मेदारी के प्रति एक मज़बूत संदेश देते हुए, जांग सब-डिविज़नल एडमिनिस्ट्रेशन के सरकारी कर्मचारियों, पंचायत सदस्यों और छात्रों ने ZPC तवांग, लेकी गोम्बू और ADC, जांग, हकरासो क्री के नेतृत्व में एक बड़े सामाजिक सेवा-सह-सफाई अभियान में हिस्सा लिया।

000000000000000000000000

पांगसू पास इंटरनेशनल फेस्टिवल आज अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती शहर नामपोंग में भारत-म्यांमार सीमा के पास शुरू हुआ। यह कार्यक्रम 22 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इसमें दूसरे विश्व युद्ध की अस्सीवीं वर्षगांठ भी मनाई गई, जिसमें पासीघाट के हंप म्यूजियम से चांगलांग जिले होते हुए पांगसू पास तक ऐतिहासिक युद्ध मार्ग पर एक खास "विली जीप" राइड शामिल की गई।

000000000000000000000000